प्रारूप–11

परियोजना का नाम– जनपद बागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना के अन्तर्गत बागेश्वर कपकोट तेजम मोटर मार्ग के कि0मी0 57 से बडी पन्याली मोटर मार्ग निमार्ण।

## प्रतिवेदन

जनपद बागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना के अन्तर्गत बागेश्वर कपकोट तेजम मोटर मार्ग के कि0मी0 57 से बडी पन्याली मोटर मार्ग में ग्रम्य विकास विभाग देहरादून के पत्र संख्या 2491/पी 3/यू0आर0आर0डी0ए0/10 दिनांक 18.03.2010 के द्वारा 250 तक जनसंख्या वाले बसावटों को प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना से जोडने का प्राविधान है।

विस्तृत सर्वेक्षण के अनुसार मोटर मार्ग की वास्तविक लम्बाई 4.00 कि0मी0 आती है। विस्तृत सर्वेक्षण के उपरान्त इस मार्ग के निमार्ण हेतु 2 संरेखणों पर विचार किया गया है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न बारचार्ट के अनुसार मार्ग निमार्ण हेतु आवश्यक भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव 3.42 है0 क्षेत्रफल के लिए गठित किया जाता है। उक्त गांव में यातायात की सुविधा न होने के कारण ग्रमवासियों को अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इसमें स्थानीय निवासियों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मार्ग के निमार्ण हेतु किये गये संरेखण में पडने वाली भूमि पर ग्रमवासियों की कोई आपत्ति नही है। साथ ही साथ स्थानीय लोगो द्वारा उगायी जा रही नगदी फसलों एंव फलो के विपणन हेतु नजदीकी बाजार एंव अन्य स्थानों पर लाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ग्रम सडक योजना के मुख्य उददेश्य गांव के अन्दर 250 तक की आबादी के गांव को यातायात सुविधा प्रदान करने का प्राविधान है। संरेखण के मध्य में धार्मिक स्थल, पौराणिक स्थल , मन्दिर, मस्जिद, कब्रस्थान नहीं पडतें है। संरेखण का भूर्गभीय निरीक्षण भूगर्भवेत्ता द्वारा किया जा चुका है। मार्ग के संरेखण में कोई भी वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है। एंव किसी भी वृक्ष का पातन नही किया जायेगा।

अतः प्रस्ताव 7.00 मीटर चौ0 में ही भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव गठित किया जा रहा है। मार्ग निमार्ण 6.00 मी0 चौ0 में ही की जाने के फलस्वरूप मार्ग निमार्ण हेतु न्यूनतम आवश्यक वनभूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव 3.42 है0 क्षेत्रफल के लिए गठित किया गया है।

संरेखण नं0 1–के अनुसार यह मोटर मार्ग जनपद बागेश्वर में कपकोट तेजम मोटर मार्ग के कि0मी0 57 से बडी पन्याली मोटर मार्ग के कि0मी0 52 के वाखू धार से प्रारम्भ होता हैं। तथा लम्बाई 4.00 कि0मी0 है। इस संरेखण में 4 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है, एंव 10 सूखे नाले आतें है। इस संरेखण में अधिकतर सिविल भूमि, नाप भूमि आती है। इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती हैं जिससे कि मोटर मार्ग निमार्ण करने में ग्रमवासी एंव जनप्रतिनिधि सहमत है।

संरेखण नं0 2–के अनुसार यह मोटर मार्ग जनपद बागेश्वर में कपकोट तेजम मोटर मार्ग के कि0मी0 57 से बडी पन्याली मोटर मार्ग के कि0मी0 52 से प्रारम्भ होता हैं। तथा लम्बाई 4.60 कि0मी0 है। इस संरेखण में 4 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है, एंव 10 सूखे नाले आतें है। इस संरेखण में अधिकतर सिविल भूमि, नाप भूमि आती है। इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई कुछ ज्यादा है। जिससे कि मोटर मार्ग निमार्ण करने में ग्रमवासी एंव जनप्रतिनिधि सहमत नही है।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2 | ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2 | ग्रा0नि0वि0 पी0आई0यू0–2 |
| पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 |
| क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। | क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। | क्षेत्र–कपकोट बागेश्वर। |

Assistant Engineer R.W.D. PMGSY Kapkot (Bageshwar)

Executive Engineer R.W.D. PMGSY Kapkot

प्रभागीय वनाधिकारी बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर